major problem in running and maintaining the Gas Turbines. Scheduled maintenance of the Gas Turbines is carried out from time to time and adequate stocks of spare parts are also maintained to ensure proper functioning of the Units.

राजस्थान की लम्बित विद्युत परियोजनाएं

2862. **श्री शिवचरण सिंह** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) राजस्थान की कौन-कौन सी विद्युत परियोजनायें केन्द्रीय सरकार के पास लम्बित पड़ी हैं ;

(ख) इन परियोजनाओं को कब तक स्वीकृति दे दी जायेगी तथा इस मामले मे विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि राजस्थान में विद्युत उत्पादन और खपत में भारी अन्तर है; यदि हां, तो इस अन्तर को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(घ) यदि इस संबंध मे कोई कदम नहीं उठाये जा रहे हैं, तो इसके क्या कारण हैं तथा ये कदम कब तक उठाये जायेंगे ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथराय) : (क) और (ख) मैसर्स सैन्चुरी टैक्सटाइल्स इन्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा राजस्थान के चितौड़गढ जिले में निजी क्षेत्र में चित्तौड़गढ ताप विद्युत केन्द्र (1×500 मे०वा०) की स्थापना के संबंध में परियोजना रिपोर्ट फरवरी, 1992 में तकनीकी - आर्थिक स्वीकृति हेतु केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में प्राप्त हुई थीं। कोयला लिंकेज, पर्यावरण एवं वन संबंधी स्वीकृति आदि जैसे कुछ निवेशों जो कि के० वि० प्रा० द्वारा तकनीकी आर्थिक स्वीकृति हेतु अपेक्षित है, को अभी सुनिश्चित किया जाना है । धोलपुर ताप विद्युत केन्द्र (3×250×750 मे०वा०) की स्थापना संबंधी प्रस्ताव को प्रारंभ मे अप्रैल, 1987 मे पर्यावरण एवं मंत्रालय द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था और अन्य कार्यस्थल के संबंध में संशोधित स्कीम प्रस्तुत किए जाने का अनुरोध किया गया था । के०वि०प्रा० में मई, 1991 में प्राप्त संशोधित प्रस्ताव की तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन हेतु जांच की जा रही है।

(ग) और (घ) राजस्थान को ऊर्जा की मामूली कमी का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 1991–92, जून 1992 तथा अप्रैल-जून, 1992 की अवधि के दौरान राजस्थान में वास्तविक विद्युत सप्लाई स्थिति नीचे दी गई है :—

(सभी आंकड़े निवल मि०यू० में)

	1991–92	जून, 1992	अप्रैल-जून 1992
आवश्यकता	13220	1110	3485
उपलब्धता	13830	1056	3311
कमी %	190(1.4)	54(4.9)	94(2.8)

राज्य में ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए उत्तरी क्षेत्र ; स्थित केन्द्रीय क्षेत्र विद्युत केन्द्रों से नियत आबंटन के अलावा राजस्थान को उत्तरी क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय क्षेत्र विद्युत केन्द्रों के 15% अनाबंटित में से भी उक्त क्षेत्रों के संघटकों में विद्युत की सापेक्ष प्रतिशत कमी को ध्यान म रखते हुए समय-समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाती है ।